कई खिलाड़ी मैच खेलेंगे। स्टेडियम में मैचों के आयोजन हेतु तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं, पिच क्यूरेटर संजय ठाकुर ने बताया कि रणजी ट्रॉफी मैचों के लिए विकेट को तैयार किया जा रहा तथा पिच को पूरी तरह रेस्ट दी गई है और खिलाड़ी नेट विकेट पर प्रेक्टिस कर रहे हैं।

को हिमाचल होगा मुकाबला

नादौन। रणजी ट्रॉफी के मैचों के लिए विकेट को तैयार करवाते पिच क्यूरेटर संजय ठाकुर।

प्रतियोगिता में चमकी हमीरपुर की बेटी

...ा सर्वश्रेष्ठ धाविका

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। हमीरपुर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल धर्मशाला में राज्य स्तरीय अंडर-14 एथलेटिक्स प्रतियोगिता चल रही है। इस प्रतियोगिता में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुठेड़ा की पूजा ने 400 मीटर व 600 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। पूजा के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत उन्हें राज्य स्तरीय अंडर-14 एथलेटिक्स प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ धाविका घोषित किया गया। पूजा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, माता-पिता, शारीरिक शिक्षक कमलेश कुमार व अपने कोच डॉ. पवन कुमार वर्मा को दिया। पूजा का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भी हो गया है। कोच डॉ. पवन वर्मा, जो कि कॉलेज हमीरपुर में एसोसिएट प्रोफेसर हैं ने बताया कि पूजा बहुत होनहार व मेहनती धाविका है तथा वह राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी प्रदेश के लिए पदक जीत सकती है।

◆ 400 और 600 मीटर दौड़ में जीते स्वर्ण पदक

कराटे में मोनाल स्कूल ने जीती ट्रॉफी

नादौन। मानपुल में स्थित आर्य पब्लिक स्कूल में आयोजित कराटे डू बेल्ट प्रतियोगिता में नादौन के मोनाल पब्लिक स्कूल ने ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। शुक्रवार को स्कूल पहुंचने पर विजेता बच्चों का भव्य स्वागत करके उन्हें विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। स्कूल की उपप्रधानाचार्य सीमा सोनी ने विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए अन्य बच्चों विशेष तौर पर कन्याओं को इस खेल में महारत हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा के लिए यह खेल विशेष तौर पर छात्राओं के लिए अति आवश्यक है, क्योंकि इस खेल में हम आत्म विश्वास और अनुशासन सीखते हैं।

INOXWIND

INOX WIND LIMITED

CIN: L31901HP2009PLC031083

Registered Office: Plot No. 1, Khasra No. 264 to 267, Industrial Area, Village - Basal, District Una – 174 303, Himachal Pradesh, India, **Phone/Fax:** +91 1975-272001

Email: investors.iwl@inoxwind.com; **Website:** www.inoxwind.com

NOTICE

Notice is hereby given pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 that a Meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Monday, the 05th November, 2018, inter-alia, to consider, approve and take on record the Standalone and Consolidated Unaudited Financial Results of the Company for the quarter and half year ended 30th September, 2018.

The above information is also available on the websites of the Company www.inoxwind.com, BSE www.bseindia.com and NSE www.nseindia.com.

For **Inox Wind Limited**

Sd/-

Deepak Banga

Company Secretary

Place: Noida

Date: 26th October, 2018